व्यापार व नागरिक केंद्रित सुधार में टॉप अचीवर राज्य बना यूपी

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। नई दिल्ली में उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग की ओर से हुए उद्योग समागम में यूपी को व्यापार और नागरिक केंद्रित सुधार क्षेत्र में टॉप अचीवर घोषित किया गया।

समागम में राज्य सरकार का प्रतिनिधित्व करते हुए औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से टॉप अचीवर राज्य का अवॉर्ड प्राप्त किया। नंदी ने कहा कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन और सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के औद्योगिक परिवेश में अमूल-चूल परिवर्तन हुआ है। अनुकूल नीतियों और जवाबदेह कार्यप्रणाली ने बड़े पैमाने पर निवेशकों को आकर्षित किया है।

उन्होंने उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से स्कीम फॉर स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट्स फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट के तहत यूपी के अनुदान में दस हजार करोड़ रुपये की वृद्धि करने का आग्रह किया। नंदी ने राष्ट्रीय औद्योगिक विकास कॉरिडोर कार्यक्रम के तहत बुंदेलखंड एवं मध्यांचल क्षेत्र से एक-एक शहर शामिल करने का अनुरोध किया।

केंद्रीय उद्योग मंत्री ने औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी को दिया अवॉर्ड